# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

पत्रांकः–3084/1309/सम्पत्ति/न0पा0प0फ0(2025–26) दिनांकः–20-8-25

**नगर पालिका परिषद के स्वामित्व क्षेत्र में व्यवसायिक दुकानों की ऑन लाइन नीलामी का साफ्टवेयर तैयार करने हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के स्वामित्व क्षेत्र में स्थित व्यवसायिक दुकानों की ऑन लाइन नीलामी का E-Auction साफ्टवेयर तैयार करने हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है निविदा 2 बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय) पद्धति के अन्तर्गत प्रस्ताव आमन्त्रित किये जाते है। निविदा अधिशासी अधिकारी कार्यालय कक्ष, नगर पालिका परिषद, मुख्यालय, फतेहपुर में निम्न तिथियों में निविदा समिति के समक्ष एव निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी जिसका विवरण निम्नवत् है–

| | |
|---|---|
| ऑन लाइन निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 22.08.2025 अपरान्ह 01:00 बजे से |
| ऑन लाइन निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 29.08.2025 सांय 05:00 बजे तक |
| ऑन लाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 30.08.2025 अपरान्ह 04:00 बजे |

निविदा प्रपत्र व निविदा का विवरण एवं शर्ते नगर पालिका परिषद, फतेहपुर की ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.nppfatehpur.com तथा http://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं ऑनलाइन निविदा डाली जा सकती है, निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1500.00 मय जी.एस.टी. अथवा देयकरों सहित एवं निविदा की कुल जमानती धनराशि रू0 10000.00 (दस हजार) का भुगतान अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के पक्ष में आई. डी.बी.आई. बैंक फतेहपुर की खाता सं0– 1060104000145473 शाखा फतेहपुर आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0001060 में एन.ई.एफ. टी./आर.टी.जी.एस. के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। अर्नेस्ट मनी, चरित्र, हैसियत प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 30.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त कराना होगा। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**शर्तें निम्नवत् है–**

**01.** सम्बन्धित फर्म/संस्था का जी.एस.टी. में पंजीयन होना अनिवार्य है।
**02.** सम्बन्धित फर्म/संस्था किसी भी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट न किया गया हो, रू0 100.00 के स्टॉम्प पर शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा।
**03.** सभी निविदा प्रपत्रों पर दरें स्पष्ट रूप से शब्दों एवं अंकों में अंकित होना चाहिए।
**04.** किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
**05.** सम्बन्धित कार्य मे 1–3 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।

**(रविन्द्र कुमार),**
**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।

**(राजकुमार मौर्य),**
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित की सेवा में प्रेषित।**

01. सम्पादक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान/राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से प्रेषित है कि कम से कम स्थान पर प्रकाशित कर निर्धारित दर पर भुगतान हेतु दो प्रतियों में बिल प्रस्तुत करें।
02. कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
03. कार्यालय तहसीलदार सदर, फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
04. कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
05. कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

19/08/25

**(रविन्द्र कुमार),**
**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।

17/08/25

**(राजकुमार मौर्य),**
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

CamScanner